अपील

मान्यवर, नमस्ते। आपको मालुम ही है कि बंधुआ मुक्ति मोर्चा पिछले 30 वर्षों से समाज के सबसे अंतिम व्यक्ति के सामाजिक न्याय एवं अधिकार के लिए संघर्षरत है। इन 30 वर्षों के दौरान बंधुआ मुक्ति मोर्चा की निम्नलिखित उपलब्धियां रही हैं–

1. बंधुआ मुक्ति मोर्चा ने देशभर में 1,76,000 से भी अधिक गुलामी का जीवन जी रहे बंधुआ एवं बाल मजदूरों को मालिकों व ठेकेदारों के चंगल से मुक्त करवाकर पुनर्वासित कराया ह।
2. मेहनतकश असंगठित मजदूरों की न्यूनतम् मजदूरी के लिए बंधुआ मुक्ति मोर्चा द्वारा मजदूरों के ईंट भट्टों, पत्थर खदानों, कल कारखानों से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक किये गए संघर्ष के परिणामस्वरूप सुप्रीम कोर्ट ने अपने ऐतिहासिक फैसले में आदेश दिया कि वें मजदूर जो न्यूनतम् मजदूरी से कम रेट/दर पर काम कर रहे ह, वह बंधुआ मजदूर की श्रेणी में आऐंगें।
3. रूपकुंवर नाम की युवती को सती के नाम पर दिवराला (राजस्थान) में जबरन् जिन्दा जलाया गया था तब बंधुआ मुक्ति मोर्चा द्वारा सती प्रथा के विरूद्व दिल्ली से दिवराला (राजस्थान) की ऐतिहासिक पदयात्रा की गई और बड़े पैमाने पर सामूहिक रूप से आवाज उठाई गई थी, जिसके परिणामस्वरूप संसद द्वारा सती प्रिवेंशन अधिनियम, 1987 पारित हुआ तथा सती प्रथा पर कड़ा प्रतिबन्ध लगाया गया।
4. बंधुआ मुक्ति मोर्चा द्वारा जन जागरण के माध्यम से सरकार व लोगों को संवेदनशील बनाते हुए कन्या भ्रूण हत्या के विरूद्व जागरूक किया गया। परिणामस्वरूप पी0एन0डी0टी0 अधिनियम, 1994 पारित हुआ।
5. 1 नवम्बर, 2005 से 15 नवम्बर, 2005 तक (टंकारा) गुजरात से लेकर अमृतसर (पंजाब) तक की कन्या भ्रूण हत्या के विरूद्व यात्रा तथा वर्ष 2010 से 2011 तक कन्या भ्रूण हत्या के विरूद्व चलाये गए अभियान से देश के करोड़ों लोगों को कन्या भ्रूण हत्या के मुद्दे पर संवेदनशील बनाया गया तथा समाज की अजन्मी व अनचाही बेटियों को बचाने की प्रेरणा दी गई।
6. हजारों दलितों एवं हरिजनों को उदयपुर जिले के प्रसिद्व श्रीनाथ जी के मंदिर में प्रवेश दिलाने के लिए धर्म के ठेकेदारों से टक्कर लेते हुए जबरदस्त आन्दोलन चलाया गया, जिसका समर्थन तत्कालीन राष्ट्रपति श्री वेंकटरामन जी ने भी किया।
7. देश भर में राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता की रक्षा के लिए किये गए प्रशंसनात्मक कार्यों हेतू बंधुआ मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष स्वामी अग्निवेश जी को कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया जैसे–2004 का वैकल्पिक नोबल पुरस्कार(राइट लाईवली हुड अवार्ड) आदि।

उपरोक्त रचनात्मक कार्यक्रमों एवं संघर्षों का सफलतापूर्वक एवं तीव्र गति से संचालन करते रहने के लिए इस आंदोलनात्मक पुनीत कार्य में हम आपसे आर्थिक सहयोग की अपील करते हैं। आपका सहयोग देश के गरीब, पीड़ित एवं शोषित व्यक्ति के नारकीय व अंधकारमय जीवन में एक नई रोशनी एवं अधिकारपूर्ण जीवन प्रदान कर समाज की मुख्य धारा में जोड़ने के लिए आधार प्रदान करेगा। "समतामूलक समाज निर्माण के इस पुनोत यज्ञ में आप अपने सहयोग की आहुति देकर भागीदार बन सकते हैं। आशा है आप हमारी प्रार्थना पर संवेदनापूर्वक विचार कर अपना सहयोग अवश्य प्रदान करेंगे। अधिक जानकारी के लिए आप वेबसाईट : swamiagnivesh.com का अवलोकन करें या निम्न पते पर फोन या पत्र के माध्यम से सम्पर्क करें –:

बंधुआ मुक्ति मोर्चा 7, जन्तर मन्तर रोड, नई दिल्ली.110001

फोन न0 : 011–23367943 / फैक्स न0 : 011–23367946

ई मेल : agnivesh70@gmail.com वेबसाइट : swamiagnivesh.com

बैंक खाते का नाम : बंधुआ मुक्ति मोर्चा
बैंक खाता संख्या (भारत में दान हेतू) : 1098101026571
बैंक खाता संख्या (विदेशी दान हेतू) : 1098101027301
IFSC Code : CNRB0001098
SWIFT Code : CNRBINBBDDP
बैंक का नाम और पता : केनेरा बैंक,
जीवन भारतीय बिल्डिंग, संसद मार्ग, नइ दिल्ली–110001

आपके उत्तर की प्रतीक्षा में।

भवदीय,

(स्वामी आर्यवेश)
कार्यकारी अध्यक्ष–मो0 न0 09013783101

(प्रो0 श्योताज सिंह)
महामंत्री–मो0 न0 09416426961